**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.10.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा के व्यवसायीकरण से शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।
- पर्यावरण और वन विभाग की ओर से समुद्र में कोरल के संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।
- डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से आई टी और आर्टिफिशियल इंटिलीजेंस पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से ज़िला स्तरीय कला उत्सव दो हजार चौबीस का आयोजन किया गया।
- कैम्पबेल बे सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गांधी नगर में आज ज्ञानोदय के तहत विज्ञान, गणित और शिल्पकला प्रदर्शनी लगाई गई।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा के व्यवसायीकरण से शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्री धनखड़ आज राजस्थान के सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान के समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का व्यवसाय बन जाना देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा आय का साधन नहीं है, बल्कि यह त्याग, दान और स्वस्थ समाज के निर्माण का माध्यम है। श्री धनखड़ ने इस बात पर अफसोस जताया कि शिक्षा एक 'वस्तु' बन गई है जिसे लाभ के लिए बेचा जा रहा है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उद्योग, अनुसंधान और नवाचार के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि ब्रिटिश शासन के तहत भारतीय शिक्षा संस्थानों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्र शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहते हैं लेकिन भारत में कई अवसर हैं और संस्थानों तथा उद्योग जगत के नेताओं को उन्हें इसके बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे प्रतिभा पलायन और विदेशी मुद्रा की हानि रुकेगी। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भी सराहना की।

<><><><><><><>

पर्यावरण और वन विभाग की ओर से समुद्र में कोरल के संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग के वन्य प्राणी संभाग के उप–वन संरक्षक संदीप बेहरा ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि इसके तहत सुमद्र के दस मीटर नीचे कृत्रिम कोरल की संरचना स्थापित की गई है। इससे कोरल संरचना में और वृद्धि होगी।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से हाल ही में आई टी और आर्टिफिशियल इंटिलीजेंस पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में दुनिया भर से उद्योग से जुड़े लोग, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सॉफ्ट कम्प्यूटिंग रिसर्च सोसाइटी की ओर से प्रायोजित इस कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी और ए आई में नवीनतम विकास और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया गया। एनआईसी अंडमान निकोबार राज्य इकाई के वरिष्ठ निदेशक गौतम गुप्ता ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बदलने में आई टी और ए आई की भूमिका पर प्रकाश डाला। सोसाइटी के महासचिव डॉ. जे सी बंसल ने ड्रोन अनुकूलन और उसके प्रयोग पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से ज़िला स्तरीय कला उत्सव दो हजार चौबीस का आयोजन किया गया। इस उत्सव का आयोजन गर्ल्स स्कूल के सभागार में हुआ। उत्सव के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने उत्सव का उद्घाटन करते हुए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। कला उत्सव दो हजार चौबीस की राज्य नोडल

अधिकारी संगीता चांद और दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस उत्सव में कई प्रतियोगिताओं के आयोजन हुए, जिसमें गायन की श्रेणी में गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और सेकेण्डरी स्कूल साउथ अंडमान, वाद्य संगीत में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल शहीद द्वीप, नृत्य में माध्यमिक विद्यालय फरारगंज, पारंपरिक कहानी की श्रेणी में मॉडल स्कूल, नाटक की श्रेणी में टुसनाबाद और दृश्य कला में गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल विजेता रहे।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गांधी नगर में आज ज्ञानोदय के तहत विज्ञान, गणित और शिल्पकला प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. माइकल मुख्य अतिथि थे। विद्यार्थियों ने बारह मॉडल प्रदर्शित किए। मुख्य अतिथि ने ग्लोबल वार्मिंग पर जागरूक करते हुए बच्चों को अपने आस–पास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने को कहा। स्कूल के प्रभारी शिक्षक अजय सेठ ने सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उनकी सराहना की।

<><><><><><><>

अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस ने हाल ही में जुआ खेलने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से तिरासी हजार से अधिक की राशि ज़ब्त की। सब–इंस्पेक्टर परवाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारकर जंगलीघाट क्षेत्र से इन्हें गिरफ्तार किया। इन पर अंडमान निकोबार जुआ विनियम उन्नीस सौ इक्यावन के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आम जनता से भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

भारतीय डाक की ओर से देश भर के श्रमिकों के लिए अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। दो सौ नवासी रूपये तक की सालाना प्रीमियम पर पांच लाख रूपये और चार सौ निन्यानब्बे रूपये की सालाना प्रीमियम पर दस लाख रूपये तक दुर्घटना बीमा का प्रावधान योजना में किया गया है। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी डाक कार्यालय में जाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। गैर श्रमिक लोगों के लिए पांच सौ सत्तावन रूपये की सालाना दर पर दुर्घटना बीमा करवाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए भारतीय डाक पेमेंट बैंक की श्री विजयपुरम शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय, पंचवटी में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा नवीं और ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अगले वर्ष आठ फरवरी को संस्थान में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तीस अक्तूबर है।

<><><><><><><>